Ministry of Women
and Child Development

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

nari shakti puraskar

Compassion, Ability, Courage

नारी शक्ति पुरस्कार

करुणा, क्षमता, साहस

2018

एक नए समाज की ओर
Towards a new dawn

Ministry of Women & Child Development
Government of India
www.wcd.nic.in

Designed & Produced by Nirman Advertising Pvt. Ltd. #9811043192

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

contents

1.	Dr. A. Seema	60-61
2.	Ms. Anshu Khanna	10-11
3.	Ms. Anu Malhotra	12-13
4.	Ms. Anuradha N. Naik	26-27
5.	Ms. Chetna Gala Sinha	38-39
6.	Ms. Darshana Gupta	16-17
7.	Ms. Devaki Amma G.	56-57
8.	Ms. Delia Narayan Contractor	48-49
9.	Ms. Gowri Kamakshi B	32-33
10.	Ms. Hekhani Jakhalu	54-55
11.	Ms. Ipsita Biswas	66-67
12.	Ms. Iti Tyagi	18-19
13.	Ms. Kagganapalli Radha Devi	08-09
14.	Ms. Kalpana Saroj	20-21
15.	Ms. Lalita Vakil	76-77
16.	Dr. Madhuri Barthwal	62-63
17.	Ms. Manju Manikuttan	74-75
18.	Ms. Meenakshi Pahuja	22-23
19.	Dr. Mini Vasudevan	42-43
20.	Ms. Munuswamy Shanthi	50-51
21.	Ms. Neelum Sharma	14-15
22.	Ms. Nomito Kamdar	04-05
23.	Ms. Pamela Chhatterjee	46-47
24.	Ms. Pragya Prasun	52-53
25.	Ms. Priyamvada Singh	58-59
26.	Ms. Pushpa N. M	68-69
27.	Ms. Rahibai Soma Popere	06-07
28.	Ms. Rajni Rajak	78-79
29.	Ms. Reshma Nilofer Naha	24-25
30.	Ms. Rhea Mazumdar Singhal	72-73
31.	Ms. Ruma Devi	64-65
32.	Ms. Seema Kaushik Mehta	34-35
33.	Ms. Seema Rao	80-81
34.	Sister Shivani	82-83
35.	Ms. Smriti Morarka	30-31
36.	Ms. Snehlata Nath	40-41
37.	Ms. Sonia Jabbar	36-37
38.	Dr. Sujatha Mohan	44-45
39.	Ms. Sunita Devi	28-29
40.	Ms. Twinkle Kalia	70-71
41.	Ms. Urmi Basu	02-03

Institutioal

42.	One Stop Center/ Apaki Sakhi Asha Jyoti Kendra	84-85
43.	Qasab - Kutch Craftswomen Producer Co. Ltd.	86-87
44.	Social Welfare and Nutritious Meal Programme Department	88-89

डॉ0 ए.सीमा
व्यक्तिगत

डॉ० ए. सीमा, सेंटर फॉर मैटीरियल्स फॉर इलैक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सीएमईटी) में एक वैज्ञानिक हैं। आपने स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान और जांच के लिए पहनने योग्य एक स्क्रीनिंग उपकरण विकसित किया है। इसे संचालित करने के लिए किसी विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं होती और इसे परिणाम देने में केवल 30 मिनट लगते हैं। यह एक डिजिटल मैमोग्राम की तुलना में काफी सस्ता तरीका है। यह एक दर्द रहित प्रक्रिया है और महिलाओं की निजता को भी सुनिश्चित करती है। डॉ० सीमा ने स्थानीय स्वःसहायता समूहों और संगठनों की मदद से त्रिशूर और कन्नूर जिलों के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं।

आपने स्तन कैंसर की जांच के बारे में जागरूकता प्रदान करने और विकसित डिवाइस का उपयोग करके नैदानिक परीक्षणों के लिए लोगों को समझाने हेतु दूरदराज के क्षेत्रों में घरों के दौरे भी किए हैं । डॉ० सीमा ने, विशेष रूप से महिला समुदाय के लाभ के लिए, विभिन्न क्षेत्रों में सेवा करने के लिए सेंसर, एक्ट्यूएटर्स और सुपर कैपेसिटर्स सहित आला क्षेत्रों में कई तकनीकों का विकास किया है।

स्तन कैंसर का पता लगाने की आपकी परियोजना को सार्वजनिक प्रशासन (नवाचार श्रेणी) में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए सर्वश्रेष्ठ दस पद्धतियों में से एक के रूप में चुना गया था। डॉ० सीमा के नवाचार को न्यूनतम प्रशिक्षण के साथ संचालित किया जा सकता है और यह पोर्टेबल है। यह किसी भी दर्द को नहीं बढ़ाता है या इसमें कोई भी विकिरण जोखिम शामिल नहीं है। इसलिए इस कम लागत वाले उपकरण से भारत में स्तन कैंसर की जांच में क्रांति आने की संभावना है और इसमें डॉ० सीमा की भूमिका महत्वपूर्ण है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: seema@cmet.gov.in

Dr. A. Seema
Individual

Dr. A. Seema, a scientist at Centre for Materials for Electronics Technology(CMET) has developed a wearable screening device for the early detection and screening of breast cancer. Further, it does not require any expertise to operate and it takes only 30 minutes to give results. This is a much cheaper method than a digital mammogram. It is a painless process and ensures privacy of the women. Dr. Seema has conducted awareness camps at various parts of Thrissur and Kannur Districts with the help of local self help groups and organisations.

She has also arranged house visits to remote areas to provide awareness on breast cancer screening and to convince people to come forward for clinical trials using the developed device. Dr. Seema has also developed many technologies in niche areas including sensors, actuators and super capacitors to serve various sectors especially for the benefit of women community.

Her project on breast cancer detection was shortlisted as one of the best ten practises for PM's award for Excellence in Public Administration (Innovations Category). Dr. Seema's innovation can be operated with minimum training and is portable. It does not inflict any pain or involve any radiation exposure and, above all, the privacy of the woman is ensured. Hence this low-cost device has a potential to revolutionise the screening of breast cancer in India and Dr. Seema's role remains critical.

For more information contact: seema@cmet.gov.in

सुश्री अंशु खन्ना
व्यक्तिगत

सुश्री अंशु खन्ना एक लेखिका, पत्रकार, प्रचारक, शिक्षाविद और शिल्पकार होने के साथ–साथ 'रॉयल फेबल्स' की संस्थापक भी हैं, जो कि भारत के तत्कालीन शाही परिवारों की कला, शिल्प और वस्त्रों को प्रदर्शित करने वाला मंच है।

'रॉयल फेबल्स' एक ऐसी मजबूत, स्व–निधियत परियोजना के रूप में उभरकर सामने आई है, जिसने महल कारखानों की परम्परा को पुनर्जीवित करने में सफलतापूर्वक सहायता की है। चाहे वस्त्र हों, कला, शिल्प, संगीत अथवा ललित कलाएं हों, इन महल कारखानों में उत्कृष्ट कला–कृतियां बनाई जा रही हैं। अंशु खन्ना ने शाही संपदा को जीवित रखने और संरक्षण की संस्कृति को पुनर्जीवित करने की दृष्टि से 'रॉयल फेबल्स' की स्थापना की, जो कि राजसी भारत की संपदा को शेष विश्व के सम्मुख रखने के प्रति समर्पित मंच है।

'रॉयल फेबल्स' ने कई महिला शिल्पकारों के जीवन को प्रभावित किया है और उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाकर सशक्त बनाया है। यह एक ऐसी मजबूत परियोजना के रूप में उभरी है, जिसने स्थानीय गैर–सरकारी संगठनों के सहयोग से चल रहे महल कारखानों की परंपरा को पुनर्जीवित करने में सफलतापूर्वक सहायता की है। इन गैर–सरकारी संगठनों ने महिला कारीगरों को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं, जिससे न केवल इन महिलाओं की आजीविका में सुधार हुआ है, बल्कि इससे उनके क्षेत्र के शिल्पों और संस्कृति को पुनर्जीवित करने में भी मदद मिली है।

सुश्री अंशु खन्ना ने इस पुनरूद्धार परियोजना में योगदान देने के साथ–साथ महिला दक्षता समिति, 'सेवा' लखनऊ, ट्राईफेड, डीआईएफडब्यू, जहान–ए–खुसरो, परम्परा, अमूल इंडिया शो आदि जैसी परियोजनाओं को विकसित करने में भी सहायता प्रदान की है।

'रॉयल फेबल्स' की प्रमुख उपलब्धि को वास्तविक दस्तकारो और सस्ती विलासिता को पुनर्जीवित करना है, जिसे भारत विश्व के सम्मुख प्रस्तुत कर सकता है। इस प्रक्रिया में 'रॉयल फेबल्स' का उद्देश्य हजारों पारंपरिक शिल्पकारों, जिनमें बड़ी संख्या में महिला कारीगर भी शामिल हैं, की आजीविका के साधनों को बनाए रखने और उन्हें बेहतर बनाने में मदद करना है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: anshu.khanna@royalfables.com

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

Ms. Anshu Khanna
Individual

Ms. Anshu Khanna, a writer, journalist, publicist, educationist and a craft protagonist, is the founder of Royal Fables, an exclusive platform showcasing the art, craft and textiles of erstwhile royal families of India.

Royal Fables has emerged as a strong, self funded project that has successfully helped in reviving the tradition of palace karkhanas. Whether textiles, art, craft, music or performing arts, these palace karkhanas continue to create master pieces. It was with a vision to keep the royal legacy alive and revive the culture of patronage that Anshu Khanna founded Royal Fable; a platform dedicated to promote the legacy of Princely India to the rest of the world.

Royal Fables has touched the lives of innumerable women craftsmen and has empowered them with economic independence. It has emerged as a strong project that has successfully helped in reviving the tradition of palace kharkhanas that attach themselves to local NGOs. The NGOs in turn have provided employment to women artisans, which has not only improved their livelihood but has also helped in reviving the crafts and culture of their region.

In addition to her contributions to this revivalist project, she has helped develop projects like Mahila Dakshita Samiti, SEWA Lucknow, TRIFED, DIFW, Jahan-e-Khusrau, Parampara, Amul India Show etc.

The underlining achievement of Royal Fables may also be termed as the revival of true artisanal, affordable luxury that India has to offer to the discerning world. In the process, Royal Fables aims to go a long way in preserving and improving the livelihood of thousands of traditional craft persons, including a large number of women artisans.

For more information contact: anshu.khanna@royalfables.com

सुश्री अन्नू मल्होत्रा
व्यक्तिगत

सुश्री अन्नु मल्होत्रा सुविख्यात फिल्म निर्मात्री हैं, जिन्हें 17 राष्ट्रीय और 2 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। अन्नु के लिए फिल्म निर्माण कोई व्यवसाय नहीं है, बल्कि एक जुनून है, जिसका अपना एक उद्देश्य है।

आपने वर्ष 1994 में बुटीक प्रोडेक्शन हाऊस के रूप में ऐम टेलीविज़न की स्थापना की और ज़ी टीवी, सोनी, बीबीसी, डिस्कवरी, अल जजीरा आदि जैसे टीवी चैनलों के लिए 600 घंटों तक गुणवत्तापूर्ण अकाल्पीनिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आपके फिल्म निर्माण कौशलों में निर्देशन, लेखन, संपादन, सैट डिज़ाइनिंग और सर्वाधिक महत्वपूर्ण अपनी सभी टेलीविज़न श्रृंखलाओं के लिए मूल फार्मेट का सृजन करना शामिल है। पिछले दशकों में अन्नु ने अपने विचारोत्तेजक और रूचिकर वृत्त–चित्रों, अभिनव टेलीविजन कार्यक्रमों तथा क्रांतिकारी जागरुकता अभियानों के माध्यम से, जो कि सभी भारत और उसकी असीमित विविधता के लिए उपहार–स्वरूप हैं, पूरे भारत और विश्व के लोगों के जीवन और सोच को प्रभावित किया है।

'शामन्स ऑफ हिमाल्याज़ (2008–2009), द महाराजा ऑफ जोधपुर – द लीगेसी लिब्सा ऑन (2002), ट्राइबल विज़डम (2000–2002), द कॉन्यक ऑफ नागालैंड (2001), द अपातनी ऑफ अरुणाचल (2001), राजस्थान – ए कलरफुल लीगेसी (2000) तथा द रोड टू निर्वाण (2002) जैसे आपके वृत–चित्रों में भारत की अद्भुत संस्कृतियों और परंपराओं की झलक मिलती है।

अन्नु ने संपूर्ण देश का भ्रमण किया है और देश के लोगों तथा पूरे विश्व को ऐसे तरीके से भारत के दर्शन कराए हैं, जिसका प्रयास पहले कभी नहीं किया गया। अन्नु जो कि भारतीय टेलीविज़न पर यात्रा शैली के कार्यक्रमों की पथ–प्रदर्शक हैं, पुरस्कृत यात्रा कार्यक्रमों और 'नमस्ते इंडिया' (ज़ी टीवी), 'इंडिया मैजिक' तथा 'इंडियन हॉलिडे' (सोनी टीवी) जैसी श्रृंखलाओं की प्रणेता रही हैं। आपने पर्यटन विभाग के लिए अनेक विज्ञापन और बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम तैयार किए हैं, जिनमें 'अद्वितीय भारत' फिल्मों की प्रथम श्रृंखला शामिल है।

आपने अपनी फिल्मों, टेलीविज़न श्रृंखलाओं के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत परंपराओं का वर्णन किया है। आपका मानना है कि लगातार बेरोकटोक हो रहे शहरीकरण से स्वदेशी संस्कृतियां समाप्त हो रही हैं और इसलिए यह जरूरी है कि जीवन जीने की उस परिपूर्ण और संतुष्टिदायक चिर–परीक्षित शैली को महत्व दिया जाए।

अन्नु ने अपने मौलिक कार्यों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि भारत की प्राचीनतम, संपन्न सामुदायिक और सांस्कृतिक विरासत इतिहास के पन्नों में दफन होकर न रह जाए।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: anumalhotra@aimtelevision.com, namitasikka@aimtelevision.com

Ms. Anu Malhotra
Individual

Ms. Anu Malhotra is an acclaimed filmmaker with over 17 National and 2 International awards to her credit. For Anu, filmmaking is not just a profession; it is passion with a cause.

In 1994, she set up AIM Television as a boutique production house and went on to create over 600 hours of quality non-fiction television programming for channels like Zee TV, Sony, BBC, Discovery, Al Jazeera etc. Her film-making skills encompass producing, directing, screen writing, editing, set designing and most importantly, creating original formats for all her television series.

Over past decades, Anu has transformed the lives and minds of people across India, and the world, through her thought-provoking and visually delightful documentaries, trend setting television programming and revolutionary awareness campaigns, all of which is a tribute to India and her infinite diversity.

Her documentaries such as Shamans of Himalayas (2008-2009), The Maharaja of Jodhpur-The Legacy Lives on (2002), Tribal Wisdom (2000-2002), The Konyak of Nagaland (2001), The Apatani of Arunachal (2001), Rajasthan- A Colourful Legacy (2000) and The Road to Nirvana (2002) have showcased unique cultures and traditions of India.

Anu has travelled the breadth of the country making India available to her people and the world in a way never attempted before. A pioneer of the travel show genre on India Television, Anu was the mastermind behind the award winning travel programmes and series such as 'Namaste India' (Zee TV), 'India Magic'and 'Indian Holiday' (Sony TV). She has also developed several commercials and promotional for the Department of Tourism including the first series of the 'Incredible India' films.

Through her films and television series she sought to capture India's rich cultural heritage and vibrant living traditions. She is of the belief that relentless urbanization is wiping out indigenous cultures and it is therefore important to value the wisdom and time tested ways of life that are wholesome and fulfilling.

Through her seminal work Anu has ensured that India's most ancient and profound cultures and communities do not get lost in the pages of history. Her mission was to document cultures that are fast disappearing and remind viewers of the importance of learning and sustaining their traditional wisdom.

For more information contact: anumalhotra@aimtelevision.com, namitasikka@aimtelevision.com

सुश्री अनुराधा एन. नाईक

व्यक्तिगत

सुश्री अनुराधा एन. नाईक गोवा राज्य के खोला गांव में खोला मिर्च के नाम से जानी जाने वाली मिर्च की स्थानीय किस्म की खेती और संरक्षण के कार्य में गांव की आदिवासी महिलाओं के साथ मिलकर कार्य कर रही हैं। मिर्च की इस स्थानीय किस्म के बीजों के पारंपरिक संरक्षण के लिए इन आदिवासी महिलाओं को प्रेरित करने में आपकी प्रमुख भूमिका रही है। आदिवासी महिलाओं द्वारा मिर्च की इस किस्म की खेती करने की प्रक्रिया का अध्ययन करने और उसे समझने में आपने वर्ष 2014 से बहुत प्रयास किए हैं। आपने आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाया है और अब वे विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियों में भाग लेकर अपने मूल्य संवर्धित उत्पादों को प्रदर्शित करती हैं, जिससे उनकी अतिरिक्त आमदनी हो जाती है। इन आदिवासी महिलाओं की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक तरीके शुरू किए गए हैं और प्रौद्योगिकीय प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

आपने खोला मिर्च से विभिन्न प्रकार के मूल्यि संवर्धित उत्पाद तैयार करने जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में आदिवासी महिलाओं के कौशलों को विकसित करने में भी योगदान दिया है और खोला/कानाकोना मिर्च उत्पादक समूह, जिसमें 95, आदिवासी महिलाएं हैं, के गठन और पंजीकरण में सहायता प्रदान की है। स्थानीय खोला मिर्च के कई पीढ़ियों से संरक्षण और परिरक्षण में खोला मिर्च उत्पादक समूह के योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2016 में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया।

आपने खोला गाँव की आदिवासी महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में काफी योगदान किया है। आपने उन्हें अपनी योग्यता और प्रतिभा को प्रदर्शित करने और रोज़ी–रोटी कमाने का एक मंच प्रदान किया है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: anuradha6982@gmail.com

Ms. Anuradha N. Naik

Individual

Ms. Anuradha N. Naik has been closely working with the tribal women from Khola Village in the State of Goa in the process of cultivation and conservation of local chilli variety named Khola Chillies. She has been the key motivating force for these tribal women for the traditional conservation of the local germplasm of chilli varieties. She has made significant efforts to study and understand the cultivation process taken up by the tribal women since 2014. She has empowered tribal women who now participate and demonstrate their value added products in various exhibitions which in turn help them to achieve extra income. Scientific methods have been introduced and technological advancement has been in process to promote the activities of these tribal women.

She has also contributed in developing skills of tribal women in traditional sectors such as preparation of various value added products from Khola Chillies and has also facilitated the formation and registration of Khola/ Canacona Chilli Cultivators Group with 95% tribal women candidates. The Khola Chilli cultivators group was honoured by the Ministry of Agriculture & Farmers Welfare in 2016 for their contribution in conservation and preservation of local Khola Chillies through generations.

She has made significant contributions in promoting economic empowerment as well as social empowerment of tribal women from Khola Village and has given them a platform to showcase their abilities and talents and earn a livelihood.

For more information contact: anuradha6982@gmail.com

सुश्री चेतना गाला सिन्हा

व्यक्तिगत

सुश्री चेतना गाला सिन्हा मान देशी महिला सहकारी बैंक की संस्थापक हैं, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ग्रामीण महिलाओं द्वारा उनके लिए सहकारिता का लाइसेंस प्राप्त करने वाला देश में पहला बैंक था। बैंक ने सफल उद्यमी बनने के लिए महिलाओं को सफलतापूर्वक वित्तीय सहायता एवं भावनात्मक सहायता प्रदान किया है। चेतना का माण देशी प्रतिष्ठान वित्तीय साक्षरता की कक्षाएं भी चलाता है जहां एकाधिकार जैसे खेलों के माध्यम से महिलाओं को बचत, बीमा एवं ऋण बारीकियाँ सिखायी जाती है। संगठन ने वित्तीय क्षितिज से आगे भी कदम बढ़ाया है तथा पश्चिमी महाराष्ट्र में मवेशी शिविरों का आयोजन करने, चकबांधों का निर्माण करने, स्थानीय रेडियो स्टेशन तथा खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए सामुदायिक पहलों के लिए एक व्यापक मंच के रूप में विकसित हुआ है – प्रतिष्ठान के अनुसार, संस्थान में व्यसाय विकास की कक्षाओं में भाग लेने के बाद ग्रामीण महिलाओं की औसत वार्षिक आय में वृद्धि हुई है।

आप केवाईसी के कठोर मानदंडों को शिथिल करने हेतु आरबीआई को राजी करके कम आय वाले समुदायों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने में भी सहायक रही हैं ताकि निम्न आय वर्ग के लिए बैंक में खाता खोला जा सके। इसकी वजह से अत्यंत लोकप्रिय बुनियादी बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडी) का सृजन हुआ है जिसके लिए न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता नहीं होती है। आप 2007 में लघु महिला उद्यमियों के लिए कम लागत की पहली पेंशन योजना के निर्माण में भी सहायक रही हैं जिसने राष्ट्रीय प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना (2015) को प्रभावित किया तथा 2012 में अधिक व्यापक सूखा नीति तैयार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार से सफलतापूर्वक हिमायत की है।

आप महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय महिला कोष (आरएमके) सहित अनेक राष्ट्रीय बोर्डों में भी हैं।

आपने आसानी से अर्थशास्त्री, किसान और कार्यकर्ता की भूमिकाएं निभाई परंतु आपकी अनोखी विशेषता यह है कि आपने अपने सपने को साकार किया, जो स्थानीय संदर्भ में उपयोगी है। माण देशी के साथ यात्रा के दौरान अपने ग्रामीण समुदाय एवं वित्तीय कल्याण पर दृढ़ता के साथ बल देना जारी रखा।

आपको अनेक पुरस्कार एवं पहचान प्राप्त हुए हैं। आपको प्रदान किए गए कुछ उल्लेखनीय सम्मान हैं: इंटरप्रेनरशिप, इंटरनेशनल, पुणे द्वारा उद्यमिता विकास पुरस्कार, गॉडफ्रे फिलिप्स द्वारा गॉडफ्रे फिलिप्स बहादुरी अमोदिनी पुरस्कार, ग्रामीण उद्यमिता के लिए जानकी देवी बजाज पुरस्कार 2005 आदि।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: info@manndeshi.org.in

Ms. Chetna Gala Sinha

Individual

Ms. Chetna Gala Sinha, is the founder of the Mann Deshi Mahila Sahkari bank which was the first bank in the country for and by rural women to receive a cooperative licence from the Reserve Bank of India (RBI). The bank has successfully provided financial backing and emotional impetus to women to become successful entrepreneurs. Chetna's Mann Deshi Foundation also runs financial literacy classes, where women are taught the ropes of savings, insurances and loans through modules that comprise games like monopoly. The organisation has expanded its scope beyond its financial core and has evolved into an umbrella platform for community initiatives - organising cattle camps, building check dams, running a local radio station and sports talent hunts - in western Maharashtra. According to the foundation, there has been an increase of Rs.13,200 in the average annual income of rural women after they have taken business development classes at the school.

She also has been instrumental in driving significant changes to support low income communities by successfully advocating with the RBI to relax stringent KYC norms so that the low income groups can open bank accounts. This led to the creation of the immensely popular Basic Savings Bank Deposit accounts (BSBD) which require no minimum balance. She was also instrumental in creating the first low-cost pension scheme for women micro-entrepreneurs in 2007 which influenced the National Pradhan Mantri Atal Pension Yojana (2015) and successfully advocating with the State Government of Maharashtra to create a more comprehensive drought policy in 2012.

She is also on several national boards including the Rashtriya Mahila Kosh (RMK) of the Department of Women and Child Development.

Sinha switches between the roles of an economist, a farmer and an activist with ease. But her uniqueness lies in translating her vision into practices that work in a local context. All through her journey with Mann Deshi, Sinha's focus remained steadfast on the financial well-being of the rural community.

She has received various awards and recognition. Some notable honours conferred upon her includes: "Entrepreneurship Development Award" by Entrepreneurs' International, Pune. ,Godfrey Phillips Bravery Amodini Award by Godfrey Phillips, Janki Devi Bajaj Puraskar Award for Rural Entrepreneurship 2005.

For more information contact: info@manndeshi.org.in

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

सुश्री दर्शना गुप्ता
व्यक्तिगत

भारत में विवाह को पवित्र बंधन माना जाता है और विवाह समारोह आमतौर पर काफी भव्य होते हैं। लेकिन, समाज के कमजोर वर्गों के लिए यह एक कल्पनातीत जिम्मेवारी होती है। इससे न केवल आर्थिक बोझ पड़ता है, बल्कि बहुत से मामलों में इससे दहेज जैसी सामाजिक कुरीति को बल मिलता है। यहीं आकर सुश्री दर्शना गुप्ता की मध्यस्थता महत्वपूर्ण बन गई है।

आपने महिला सशक्तीकरण के आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए अपने पति के साथ मिलकर 'बनारसी दास गुप्ता फाउंडेशन' नामक संगठन बनाया। आपने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की लड़कियों के सामूहिक विवाह शुरू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपने अपने ही संगठन के माध्यम से अनेक सामूहिक विवाहों का आयोजन किया है। दर्शन ने अब तक कमजोर पृष्ठभूमि वाली 3500 से भी अधिक लड़कियों के विवाह संपन्न कराए हैं। दर्शन जाति, धर्म और रंगरूप का भेद किए बिना 3500 से भी अधिक लड़कियों के जीवन में परिवर्तन ला चुकी हैं। दर्शन द्वारा स्थापित फाउंडेशन द्वारा सभी वर्गों की कमजोर महिलाओं की एक समान रूप से सहायता की जाती है। फाउंडेशन द्वारा पहला कार्यक्रम पंचकुला में आयोजित किया गया जिसमें सभी जातियों और धर्मों के 251 निर्धन जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। हरियाणा सरकार ने इस कार्यक्रम की सफलता से प्रभावित होकर इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों में विवाह बंधन में बंधने वाले सभी जोड़ों को 11,000/– रुपये का दान देने की घोषणा की। इसके पश्चात् बदखेड़ा, पूरनपुर और बिलासपुर में इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये सामूहिक विवाह सामुदायिक सौहार्द का एक उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं, जहां अलग–अलग जातियों के और अलग–अलग मान्यता रखने वाले लोग एक ही छत के नीचे आकर पवित्र बंधन में बंध जाते हैं।

दर्शन द्वारा शुरू की गई सामूहिक विवाहों की पहल से वंचित वर्गों की लड़कियों की सामाजिक पीड़ा को कम करने में और व्यर्थ के ऐसे व्यय से बचने में भी मदद मिली है, जिसका इस्तेमाल शिक्षा और व्यवसायिक कौशल आदि की प्राप्ति जैसे जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: ag1964@gmail.com

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

Ms. Darshana Gupta
Individual

Marriages in India are considered sacred and the celebrations around it are usually a grand affair. However, for underprivileged section of the society it may be an unimaginable task. Not only it is economically burdening, in many cases it perpetuates social evils like dowry. This is where Ms. Darshana Gupta's interventions became critical. She formed an organization called 'Banarasi Dass Gupta Foundation' along with her husband to take women empowerment movement forward. She has played a key role in initiating mass marriages of women belonging to weaker and underprivileged sections of the society. She has organized several mass marriages through her own organization. Till date Darshan has executed marriages of over 3500 women belonging to less privileged backgrounds.

Darshan has changed the lives of 3500 women beyond demarcation of race, religion, and colour. Women no matter where they belonged were helped in an egalitarian way by her foundation. The first event was organised by the Foundation at Panchkula where 251 poor couples of all castes and religions got married. Impressed by the success of this event, Haryana Government announced donation of Rs. 11,000 to all the couples who got married in such social events. Several such events were organised in Badkheda, Puranpur and Bilaspur thereafter. These mass marriages also set a great example of communal harmony where people coming from different faiths and tribes tie the sacred knot under one roof.

Darshan's initiative of mass marriage has helped reduce social victimization of deprived girls and has helped avoid excess expenditure which can in turn be used for other significant spheres of their lives such as education, learning a professional skill etc.

For more information contact: ag1964@gmail.com

सुश्री देवकी अम्मा जी.

व्यक्तिगत

सुश्री देवकी अम्मा काफी वर्षों से केरल के तटीय जिले में वन में पेड़ उगाने वाली महिला हैं। आपकी 4 एकड़ भूमि पर कृष्णनाल और कस्तूरी जैसे कुछ दुर्लभ पेड़ लगाए गए हैं और इन्हें स्कूलों के लिए खोल दिया गया है जहां बच्चे पर्यावरण विज्ञान एवं संरक्षण से संबंधित बातों को सीखने के लिए शैक्षणिक दौरों पर आते हैं जिससे बच्चों में पर्यावरण के बारे में जागरूकता पैदा होती है।

आप भारत के विभिन्न भागों में पौधें लगाकर और उनकी देखभाल करके जीव विषमता को सुरक्षित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। आपके इस कार्य को आपके पूरे परिवार द्वारा समर्थन दिया जाता है जो इसके संचालन में बराबर का सहयोग करते हैं। आयु ने भी आपके कार्य में कभी बाधा नहीं डाली है क्योंकि आप अभी भी क्षेत्र में लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

आपके पति की मृत्यु भी आपकी इन इच्छाओं को नही डरा पाई। आपने रेतीली भूमि में पेड़ लगाए और उनके पेड़ों को देखने आने वाले हजारों छात्रों को चिकित्सकीय और दुर्लभ पौधों पर ज्ञान प्रदान किया। केरल में ऐलीप्पी ही एकमात्र ऐसा जिला था जहां कोई वन नहीं थे किन्तु आपके प्रयासों से आज इस जिले में भी वन स्थापित हो गया है। इन वनों में पैराडाइज फ्लाईकैचर और एमिराल डब्स जैसे विभिन्न प्रकार के पक्षी भी हैं जो क्षेत्र में स्थानीय प्रवास करते हैं। इस मिट्टी में कुछ पौधे बहुत धीमी गति से बढ़ते हैं किन्तु आपकी निरंतर देखभाल और मेहनत से उन्हें इस समस्या से पार पाने में मदद मिली है।

आपको अपने अदभुत और उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न क्षेत्रों, जिलों और राज्यों से बहुत से पुरस्कार और मान्यताएं भी मिली हैं। पर्यावरण के प्रति आपका योगदान परिवर्तन की एक ताकत रहा है और इसने लोगों में जागरूकता और चेतना पैदा की है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: gouri1268@gmail.com

Ms. Devaki Amma G.

Individual

Ms. Devaki Amma has been a forest grower in the coastal district of Kerala for many years now. Her 4-acre land has been planted with rare trees such as Krishnanal and musk trees and has been opened for schools, where children come on educational trips for learning matters of ecology and conservation, creating consciousness among children about the environment.

She has been relentlessly working towards protecting biodiversity by planting and nurturing plants from various parts of India. Devakiamma's venture is supported by entire family who equally participate in the operations. Age has never restricted Devakiamma as she continues to inspire people in the region.

Losing her husband did not deter her spirits. She planted the sandy soil and imparted knowledge on medicinal and rare plants to hundreds of students who visit them. Allepey is the only district in Kerala without a forest, but with her efforts, it has forest of its own. It has different species of birds like paradise flycatcher and emerald doves which do local migration visits to the area. Some of the plants grow very slowly in that soil, but her constant care and nurturing helps them through.

She has received many awards and recognitions from various sectors, districts and states for her unique and outstanding work. Her contribution towards the environment has been a driving force of change and has raised awareness and consciousness of people.

For more information contact: gouri1268@gmail.com



सुश्री डीलिया नारायण कॉन्ट्रेक्टर

व्यक्तिगत

पर्यटक शहर धर्मशाला से कुछ ही किलोमीटर दूर दीदी कॉन्ट्रैक्टर, रहती है जो कि 80 से 89 वर्ष के बीच की, स्वशिक्षित आर्किटेक्ट महिला हैं, और लगभग 30 वर्षों से पर्यावरण – हितेषी भवनों का निर्माण कर रही हैं।

आप बचपन में डेलिया किनाजेंगर के नाम से जानी जाती थी आपके पिता जर्मन और माता अमरीकी थी। बड़े होकर, आप एक शांतिपूर्ण जगह पर बसना चाहती थी इसलिए आपने धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश के निकट कांगड़ा घाटी में अपने लिए एक मंजिला मिट्टी के भवन का निर्माण किया। कीचड़ और मिट्टी ने इन जन्म जात कलाकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और इन्होंने इस परम्परागत संस्कृति को दोबारा वापस लाने का निर्णय किया।

उन्होंने धर्मशाला को अपना घर बना लिया, और कीचड़ तथा मिट्टी से मजबूत मकान बनाने की तकनीक विकसित की जिसे स्थानीय परम्परा से काफी प्रेरणा मिली। आपके कीचड़ और मिट्टी से बनाए गए भवन पर्यावरण चुनौतियों का सामना कर रहे विश्व में लोकप्रिय हैं। ये भवन उनकी सभी प्राकृतिक वस्तुओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता एवं सराहनीयता दर्शाते हुए एक आलीशान अभिव्यक्ति प्रदान करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं एवं शैली के साथ कार्य करते हैं। प्रकृति और परम्परा के सम्मिश्रण से कार्य करना आपके लिए काफी महत्व रखता है। यह आपके द्वारा बनाए गए भवनों में ही स्पष्ट रूप से नजर आता है कि, आपके भवनों में यथासंभव कीचड़, पत्थर, गाय के गोबर, भूसा, स्लेट, बेंत तथा सीमित मात्रा में लकड़ी का उपयोग किया जाता है।

आपके द्वारा उपयोग की गई तकनीक की कुछ खास विशेषताएं हैः– जैसेकि इन घरों में तापमान स्वयं ही नियंत्रित हो जाता है (सर्दियों के दौरान गर्म और गर्मियों के दौरान ठण्डे रहते हैं), भूकम्प रोधी होते हैं और इनका निर्माण पूरी तरह से स्थानीय रूप से उपलब्ध् सामग्री द्वारा किया ही जाता है। अधिक उपयोगी और अपने आप में परिपूर्ण होने के साथ–साथ, ये घर काफी सुन्दर भी होते हैं।

आप युवा कलाकारों को प्रशिक्षण भी देती हैं जिससे उनमें पर्यावरण संबंधी संस्कार विकसित होते हैं और स्थानीय दक्षताओं का पुनरूद्धार भी होता है। आपने पूरे विश्व में एक स्थायी स्व–शिक्षित कलाकार के रूप में ख्याति प्राप्त की है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: amruta.patil@gmail.com

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

Ms. Delia Narayan Contractor

Individual

A few kilometres away from the touristy town of Dharamshala lives Delia Contractor, a self taught octogenarian architect who has been designing eco-friendly building for over three decades.

Contractor was born as Delia Kinzinger to a German father and American mother. Growing up, she wanted to settle down in a peaceful place and so, years later she built herself a one-storeyed mud building in Kangra Valley near Dharamsala, Himachal Pradesh. It was mud and clay that attracted the attention of the born-artist who later decided to bring back the traditional culture into fashion.

She made Dharamsala her home and has developed a technique to build sustainable houses with mud and stone which is inspired a lot from the local tradition. Contractor's mud and clay buildings are eclogues in a world facing ecological challenges. They merge function with vernacular material and styles to form a dignified statement, while displaying her evolved sensibilities and appreciation for all things natural. Engaging with nature and tradition matter to Contractor. This is evident in her structures that, as far as possible, utilise biodegradable materials like mud, stone, cow dung, straw, slate, bamboo, and a limited amount of wood.

The technique she uses has a few special characteristics: the houses self-regulate temperature (warm during winters and cool during summers), earthquake-proof, and are completely made from materials available locally. Apart from being high utility and self sufficient, these houses have a certain kind of serene beauty associated with them.

Ms. Contractor has also been training young artisans inculcating ecological values, and reviving local skills. Ms. Contractor is celebrated around the world as a sustainable self-taught architect.

For more information contact: amruta.patil@gmail.com

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

सुश्री गौरी कामाक्षी
व्यक्तिगत

सुश्री गौरी कामाक्षी ने जनहितैषी कार्यों के लिए अपनी अधिकांश निजी संपदा प्रदान की है, आपने परोपकारी उपायों के माध्यम से अनेक लोगों के जीवन का उत्थान किया है।

आप एसयूटी अकादमी ऑफ मेडिकल साइंसेज की सीइओ हैं तथा आपने एसयूटी अकादमी ऑफ मेडिकल साइंसेज में पिछले 5 वर्षों में वंचित वर्ग के लोगों के लिए हिस्टरेकटमी, हर्निया, थायराइड तथा वैटकोसवेन की सर्जरी करवाई है। आप शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग व्यूक्तियों को शिक्षा, पुनर्वास, भोजन, वस्त्र आदि प्रदान करने के लिए उनके लिए संस्थांओं का विकास करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। आपने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से मेडिकल कैंप लगाए हैं।

आप सामाजिक कार्यकर्त्री हैं तथा महिला सशक्तीकरण के लिए व्यापक रूप से काम किया है। पिछले 7 वर्षों से श्री कांची रायकोटि पीठम चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़कर आप गरीब महिलाओं के विवाह का आयोजन करने में सफल रही हैं। आपने गायों को सुरक्षित आश्रम प्रदान करने तथा गौवध से उनकी रक्षा करने के लिए गौशालाएं भी बनवाई हैं। आपने विस्थापित वरिष्ठं नागरिकों को सुरक्षित, सक्रिय, स्वस्थ एवं गरिमामयी जीवन प्रदान करने के लिए वरिष्ठं नागरिक गृहों का भी निर्माण कराया है।

आप आज भी अनेक लोगों के जीवन में परिवर्तन ला रही हैं । आप अपनी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों के जीवन में असली परिवर्तन लाने में सफल रही हैं। गरीब तबके के लोगों का उत्थान करने में आपका योगदान बहुमूल्य है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: gowri0478@yahoo.co.in

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

Ms. Gowri Kamakshi B
Individual

Ms. Gowri has earmarked many of her personal wealth for philanthropic activities. She has been instrumental in uplifting the lives of many individual through her non-profit interventions.

She is the CEO of SUT Academy of Medical Sciences and has regularly organized medical camps n rural and tribal areas. She has sponsored hysterectomy, hernia, thyroid and varicose veins surgeries for the underprivileged for the last 5 years in SUT academy of Medical Sciences. She has been working for developing institutions for physically handicapped and disabled or mentally challenged persons to provide them education, rehabilitation, food, clothing etc.

She is a social worker and has worked extensively women empowerment. Her association with Sri Kanchi Kamakoti Peetam Charitable Trust for the past 7 years has enabled her to organize marriages of poor women. She has conducted marriage of 250 impoverished couples primarily belonging to the Lingayat community. She has further set up gaushalas to provide a safe haven for cows and protecting them slaughtering. She has also built senior citizen homes for displaced senior citizens to ensure a safe, active, healthy and a dignified life.

She continues to be an agent f change in the lives of many. She has brought a real difference to the lives with her various social interventions. Her contribution in uplifting the lives of the less-privileged is valuable.

For more information contact: gowri0478@yahoo.co.in

सुश्री हैकानी जखालू

व्यक्तिगत

सुश्री हैकानी जखालू, जो कि पेशे से एक वकील हैं, ने नागालैण्ड के युवाओं को रोजगार और व्यवसाय के अवसर देने के लिए वर्ष 2006 में 'यूथ नैट' नामक संगठन की स्थापना की थी। भारत का पूर्वोत्तर भाग रोजगार के अवसरों के संबंध में काफी समय से एक उपेक्षित क्षेत्र माना जाता रहा है जिसके कारण इस क्षेत्र से युवाओं का भारी संख्या में पलायन हुआ है। इस अंतर को महसूस करते हुए, आपने अपनी काफी अच्छी वेतन वाली नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और वर्ष 2006 में नागालैण्ड में यूथ नैट की स्थापना की जो युवाओं को सशक्त बनाने में मदद करता है। भारतीय सर्वोच्च न्यायलय और दिल्लीं उच्च न्यायालय में प्रेक्टिस करने के बाद, आपने अपने मित्रों के एक समूह के साथ यूथ नैट नामक संगठन की शुरूआत की थी।

आपका लक्ष्य अपने संगठन के माध्यम से नागालैण्ड के बेरोजगार युवको, कॉलेज और स्कूल की पढ़ाई छोड़ने वाले युवकों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के बीच दक्षता को विकसित करना और आजीविका की गतिविधियों को प्रोत्साहित करना था। आापका संगठन युवाओं को ज्ञान प्राप्त करने, उत्तरजीविता कौशल विकसित करने और सकारात्मक नजरिया विकसित करने में मदद करता है जिससे वे सक्रिय भागीदारी और संलग्नता के साथ समाज के स्व–निदेशक, सकारात्मक, महत्वपूर्ण, जिम्मेदार तथा रोजगार देने वाले सदस्य बनने में सक्षम हो सकें।

यूथ नैट से आपने एक रोजगार केंद्र की शुरूआत की थी जिसमें स्थानीय युवकों को मेजबानी और खुदरा क्षेत्रों में भर्ती किया जाता है। वर्तमान में यूथ नैट के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि स्किल डेवलपमेंट, यूथ रिसोर्स सेंटर, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इंटर आन्ट्रप्रनर्शिप, नागालैंड ब्यूटीप्रेनुयुर, नागालैंड जॉब सेंटर, डायल नागालैंड, नागालैंड करियर एंड डेवलपमेंट सेंटर (एनसीडीसी) का संचालन किया जा रहा है।

अब तक यूथ नैट ने राज्य के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दक्षता विकास, क्षमता निर्माण, करियर दिशानिर्देशन, रोजगार सृजन, आजीविका गतिविधियों तथा व्यावसायिक कार्यक्रमों के माध्यम से 27,847 से भी अधिक महिलाओं को प्रभावित किया है। आप पूर्वोतर क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत रही हैं और आपको भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में युवा विकास और सशक्तीकरण के लिए अपने योगदान के लिए कई विख्यात पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: youthnet1@gmail.com, youthnet@youthnet.org.in

Ms. Hekhani Jakhalu

Individual

A lawyer by profession, Hekani Jakhalu founded YouthNet in 2006 to give employment and entrepreneurial opportunity to youth of Nagaland. India's northeast has long been considered a neglected area when it comes to creation of employment opportunities, leading to high migration among young people. Realising this gap, Hekani resigned from her high-paying job and, in 2006, founded YouthNet in Nagaland, which helps in empowering youth. Having practiced at the Supreme Court of India and Delhi High Court, Hekani started YouthNet with a group of friends.

Hekhani through her organization aimed at developing skill and promoting Livelihood activities among the unemployed youth, college & school drop outs and women from both urban and rural areas in Nagaland. Her organization helps youth acquire knowledge, develop life skills and form attitudes to enable them to become self directing, positive, productive, responsible and contributing members of society through active participation and involvement.

With YouthNet, Hekani started a job centre, where local youth are recruited into the hospitality and retail sectors. Today, there are several programs under YouthNet such as the Skill development, Youth Resource Centre, Centre of Excellence for Entrepreneurship, Nagaland Beautypreneur, Nagaland Job Centre, Dial Nagaland and Nagaland Career and Development Centre (NCDC)

Since its inception, YouthNet has impacted more than 27,847 women, through its various programmes of skill development, capacity building, career guidance, job placements, livelihood activities and entrepreneurship programs in both rural and urban areas of the state.

Hekani has been an inspiration for women across North East and has been honoured with several prestigious awards for her contributions towards youth development and empowerment in the North Eastern Region of India.

For more information contact: youthnet1@gmail.com, youthnet@youthnet.org.in

सुश्री ईप्सिता विश्वास

व्यक्तिगत

सुश्री विस्वास पेशे से एक वैज्ञानिक हैं, जो पिछले 20 वर्षों से टर्मीनल बैलेस्टीक रिसर्च लैबोरेट्री (टीबीआरएल) डीआरडीओ में काम कर रही हैं और वर्तमान में तीन तकनीकी प्रभागों की कमान संभाल रही हैं। आप जीवन रक्षक उपकरणों के परीक्षण और मूल्यांकन, आयुध सामग्री के विशेषीकरण आदि के विभिन्न क्षेत्रों में 10 वैज्ञानिकों की एक टीम का नेतृत्व कर रही है।

आपने राष्ट्र के सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों को उनके व्यक्तिगत सुरक्षात्मक गियर के प्रदर्शन मूल्यांकन में प्रयोगात्मक और तकनीकी सहायता प्रदान की, जो उन्हें दुश्मन के हमले से पूरी सुरक्षा प्रदान कर सकता है। सुश्री इप्सिता और उनकी टीम सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के जवानों के लिए बुलेट–प्रूफ जैकेट और खदान संरक्षति वाहनों का परीक्षण करती हैं। आपको वैश्विक मानकों के अनुसार अत्याधुनिक बैलिस्टिक परीक्षण सुविधा स्थापित करने का श्रेय मिला है। आपने भारतीय सेना के लिए (मात्रा : 1,58,279) बुलेट प्रूफ हेलमेट और (मात्रा : 1300) लाइट स्पेशलिस्ट वाहनों के एक टेंडर का सफलतापूर्वक सैंपल इवैल्यूएशन पूरा किया। आपने सी.आर.पी.एफ. को आयुध निर्माणी, वरगाँव के माध्यम से दंगा नियंत्रण के लिए इस्तेमाल होने वाली 1 लाख कम घातक प्लास्टिक बुलैट्स सौंपी हैं।

आपने भारतीय मानक ब्यूरो के साथ मिलकर भारतीय सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों और देश की अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए बॉडी आर्मर्स (हथियारों) की न्यूनतम निष्पादन आवश्यकताओं हेतु भारतीय मानक का मसौदा तैयार किया। आपने बुलेट प्रूफ जैकेटों के लिए गुणवत्ता आवश्यकताओं के निर्धारण के लिए समिति में तकनीकी विशेषज्ञता भी प्रदान की है और सैनिकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वर्तमान बुलेट प्रूफ जैकेटों के वजन को कम करने और उनकी गतिशीलता बढ़ाने के लिए तरल आर्मर आधारित उन्नत व्यक्तिगत सुरक्षा प्रणाली का विकास भी किया है।

आपके बहुमूल्य योगदान के लिए, आपको टेक्नोलॉजी ग्रुप अवार्ड, आत्म–निर्भरता में उत्कृष्टता के लिए अग्नि पुरस्कार, मेधावी सेवा के लिए हैमसी टीम अवार्ड तथा शस्त्र एवं उपकरणों (भारतीय सेना) के महानिदेशक और डीएमएसआरडीई, कानपुर (डीआरडीओ) के निदेशक से प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं)।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: Ipsita_chd@yahoo.co.in

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

Ms. Ipsita Biswas

Individual

Ms. Biswas is a Scientist by profession, working in Terminal Ballistics Research Laboratory (TBRL), DRDO since the past 20 years and presently heading three technical divisions. She is leading a team of 10 scientists in diverse areas of test and evaluation of life saving devices, characterisation of armour material etc.

She provided protection to the armed and paramilitary forces of our nation by giving experimental and technical support in performance evaluation of their personal protective gears which can provide them complete protection from enemy attack. Ipsita and her team tests and evaluates bullet-proof jackets and mine protected vehicles for the armed forces and paramilitary jawans. She is credited with establishing a state-of-the-art ballistic test facility as per global standards. She successfully completed a Tender Sample Evaluation of (qty 1, 58,279) bullet proof helmets and (qty 1300) Light Specialist Vehicles for the Indian army. She handed over 1 lakh less lethal plastic bullets to CRPF to be used for riot control through Ordnance Factory, Varangaon.

She also drafted the Indian Standard in collaboration with the Bureau of Indian Standard for minimum performance requirements of body armours to be followed by the Indian armed and paramilitary forces and other law enforcement agencies of the country. She has also provided technical expertise in the committee for formulation of quality requirements for bullet resistant jackets, and has also initiated the development of liquid armour based advanced personal protective system to reduce weight and increase manoeuvrability of the present bullet proof jackets used by soldiers.

For her valuable contributions, she has received the Technology Group Award, AGNI Award for Excellence in Self Reliance, HEMSI Team Award for Meritorious Service and commendation certificates from the DG of Weapons and Equipments (Indian Army) and from Director, DMSRDE, Kanpur (DRDO).

For more information contact: Ipsita_chd@yahoo.co.in

सुश्री इति त्यागी

व्यक्तिगत

सुश्री इति त्यागी ने भारत के शिल्पों का प्रशिक्षण देने और विश्व में उन्हें बढ़ावा देने के लिए तथा शहरी और ग्रामीण समुदायों के बीच के अंतर को कम करने के लिए शिल्प ग्राम (क्राफ्ट विलेज) की स्थापना की। इसका उद्देश्य दुर्लभ और अनन्य पारंपरिक शिल्पों को जानने और उन्हें साझा करने के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां कारीगरों को उपभोक्ताओं, उद्योग और संरक्षकों के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। यह पहल लाखों लोगों को रोजगार का एक प्रमुख स्रोत उपलब्ध कराने के अलावा राष्ट्रनिर्माण, आजीविका, सामाजिक समावेशन तथा संस्कृति को बनाए रखने में शिल्पों के महत्व के बारे में बच्चों शिक्षित करने के उद्देश्य से परिकल्पित की गई।

शिल्प ग्राम में शिल्पिकारों के लिए नियमित रूप से कौशल विकास कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अंतर–विषयक शिक्षा प्रदान की जाती है। शिल्प ग्राम में दुर्लभ और अनन्य शिल्प कार्यशालाओं के जरिए 7500 से भी अधिक शहरी और विश्व भर के लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। शिल्प ग्राम को नई प्रतिभाओं को सामने लाने और पारंपरिक शिल्प को आधुनिक उपभोक्ताओं के साथ जोड़ने में अभिनव दृष्टिकोण अपनाने के लिए मान्यता प्राप्त हुई है।

शिल्प ग्राम वैश्विक शिल्पों के प्रचार–प्रसार के लिए शिल्पी समुदाय, संरक्षकों, संगठनों तथा देशों के लिए हर वर्ष 15 अक्तूबर को 'अंतरराष्ट्रीय शिल्प दिवस' के रूप में मनाने में सहायक रहा है। शिल्प ग्राम ने पूरे विश्व में शिल्प के क्षेत्र में योगदान के लिए शिल्पकारों, कारीगरों, डिज़ाइनरों, व्यक्तियों/संगठनों को मान्यता प्रदान करने के लिए वर्ष 2017 में पहली बार 'अंतरराष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार' की भी शुरूआत की। वर्ष 2018 में शिल्प ग्राम ने वास्तविक और पारंपरिक कारीगरों को विपणन संपर्क और व्यवसाय के अवसर प्रदान करके उन्हें एक वैश्विक मंच पर लाने के लिए 'भारत शिल्प सप्ताह' की शुरूआत की। यह सीमाओं को लांघ कर 'एक विश्व, एक शिल्प' बनाने का एक प्रयास है।

इति त्यागी को पूरे विश्व के कारीगरों को एक दूसरे के साथ मिलने–जुलने का एक मंच प्रदान करने के लिए लगातार पिछले वर्षों में 'राष्ट्रीय महिला अचीवर्स पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। आज, इति का यह उद्यम पूरे विश्व में सभी कारीगरों के लिए अभिनव विचारों पर कार्य करने और परस्पर सांस्कृतिक प्रशिक्षण प्रदान करने का एकमात्र शिल्प केंद्र बन गया है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: **zephyrlifestyle@gmail.com**



Ms. Iti Tyagi

She has worked on a range of other issues that involved helping women to construct toilets near their houses. Now every home in the village has a toilet. She ventured in a small way into the field of education, by starting a small library for kids in her house. The children from around the area came regularly. Besides, she has written two books on her experience of living in the mountains and her work in the States of Gujarat and Uttar Pradesh on wasteland reclamation.

For more information contact: rashmibharti@gmail.com

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

सुश्री प्रज्ञा प्रसून

व्यक्तिगत

सुश्री प्रज्ञा प्रसून, तेजाब हमले की पीड़िता हैं जो अब एक सक्रिय कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता बन गई हैं। आप काफी वर्षों से तेजाब हमले की पीड़ित लडकियों को राहत और पुर्नवास प्रदान कर रही हैं।

वर्ष 2006 में आपके विवाह से कुछ ही दिन पूर्व आपके हताश प्रेमी द्वारा रेलगाडी में यात्रा करते समय तेजाब से हमला कर दिया गया था। इस घटना ने आपके जीवन को तो बदल कर रख दिया किन्तु आपके उत्साह को कम नहीं कर पाई। तब से आप पूरे देश में तेजाब पीड़िताओं के लिए युद्ध स्तर पर सक्रिय हैं।

आप चिकित्सा सलाह और उपचार के लिए पूरे देश में विख्यात डाक्टरों/अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित कर रही हैं। इसके साथ ही आप जरूरतमंद तेजाब पीड़ित महिलाओं के लिए व्यक्तिगत परामर्श भी दे रही हैं और नियमित आय का एक स्थायी स्रोत भी सृजित कर रही है।

वर्ष 2013 में, आपने बैंगलोर में अतिजीवन फाउण्डेशन, जो कि केवल तेजाब पीड़िताओं की सहायता के लिए बनाया गया संगठन है, की स्थापना की थी। अतिजीवन फाउण्डेशन तेजाब पीड़िताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है और तेजाब पीड़िता को तेजाब से पड़े हुए निशानो का मुफ्त उपचार भी देता है। यह फाउण्डेशन पूरे देश के अस्पतालों के साथ मिलकर से कार्य करता है। अतिजीवन फाउण्डेशन ने डाक्टरों, स्वयं सेवकों तथा मानव प्रेमियों की मदद से 200 से अधिक तेजाब पीड़िताओं की मदद की और उन्हें नई उर्जा प्रदान की है यह संगठन पुर्ननिर्माण शल्यक्रिया, तथा शल्यक्रिया रहित कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं, बेहतर संभव व्यक्तिगत उपचार के लिए तेजाब पीड़िताओं को परामर्श देने तथा शैक्षिक और रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करके तेजाब पीड़िताओं को सशक्त बनाने की ओर विशेष ध्यान देता है। अतिजीवन संगठन की टीम का उद्देश्य सभी तेजाब पीड़िताओं को समाज में उनका स्थान बनाने के लिए उन्हें निष्पक्ष और बराबर का अवसर देना है। आपका यह विश्वास है कि अपने पैरों पर खड़ा होने और दुनिया का पूरे विश्वास के साथ सामना करने से बेहतर कार्य और कुछ भी नहीं है।

आपका संगठन स्किन डोनेशन और स्किन बैंकिंग के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पृथक रूप से कार्य भी कर रहा है। उन्होंने अपने जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज और तेजाब पीड़िताओं के बीच के अंतर को सफलतापूर्वक दूर कर दिया है।

आपने तेजाब पीड़िताओं को अपना जीवन खुद जीने में सक्षम बनाया है जहां वे स्वयं को सशक्त और आत्मनिर्भर महसूस करती हैं और उन्हें कोई हिकारत भरी नजर से नहीं देखता है। इस प्रकार की डरावनी घटनाएं तेजाब पीड़िताओं के जीवन को परिभाषित नहीं करती है किन्तु इस घटना से निपटने का उनका कभी ना मरने वाला साहस और दृढ़ प्रतिज्ञा ही उनके जीवन का निर्धारण करती है। जैसा कि आप कहती हैं कि "मैं सिर्फ एक चेहरा नहीं हूँ वास्तव में मैं वो हूं जो मैनें स्वयं को बनाया है।" मैं एक ऐसी कहानी हूं जिसका अंत सुखदायक है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: **pragyaprasunsingh@gmail.com**

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

Ms. Pragya Prasun

Individual

Ms. Pragya Prasun, is an acid attack survivor turned activist and a social worker who has been fighting for providing relief and rehabilitation to her fellow acid attack survivors for many years now.

Pragya was acid-attacked in 2006 while she was travelling in the train by a jilted lover just days before her wedding. This incident changed her life but did not deter her spirits. Ever since she has been fighting aggressively for the acid attack survivors across the country.

She has been coordinating with eminent Doctors/Hospitals from across the country for medical advice and treatment. She also works towards personal counselling and generating permanent source of regular income for all of the survivors who are in need.

In 2013, Pragya established Atijeevan Foundation in Bengaluru, an organization exclusively for acid attack victims. Atijeevan helps acid attack survivors become economically independent and also provides free scar treatment to any acid attack victim who approaches them for help. The Foundation works closely with hospitals across the country. Atijeevan with the help of doctors, volunteers and philanthropists has touched and rejuvenated lives of more than 200 survivors. The organizations' focus area includes reconstructive surgeries and non-surgical cosmetic procedures, counselling survivors for best possible personalised treatment and empowering survivors by providing educational and vocational training. Atijeevan team's objective is to give all the survivors a fair and equal chance to make their place in the society. Pragya believes that there is nothing quite like standing on one's own feet and facing the world with full confidence.

Pragya's organization also extensively works towards creating awareness about the importance of skin donation and skin banking. She has successfully bridged the gap between the society and the acid attack survivors through her awareness programmes.

Pragya has enabled acid-attack survivors to have a life of their own where they feel empowered and are not looked down upon. Horrific incidents like these do not define the lives of the survivors but it is their undying courage and determination to overcome the incident that determines their lives. As Pragya says, "I am not my face; I'm what I make of myself. I'm a story with a happy ending."

For more information contact: **pragyaprasunsingh@gmail.com**

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

सुश्री प्रियम्वदा सिंह
व्यक्तिगत

मुंबई की पूर्व रणनीतिकार 36 वर्षीय सुश्री प्रियंवदा सिंह "मेजा प्रोजेक्ट" का नेतृत्व कर रही हैं। टेलीविज़न उद्योग में एक दशक लंबे करियर के बाद आपने अपने मूल स्थान, मेजा गाँव, भीलवाड़ा राजस्थान वापस लौटने का निर्णय लिया। आपने 148 साल पुराने पैतृक किले का जीर्णोद्धार करके इसे समुदाय द्वारा संचालित एक होम स्टे के रूप में विकसित किया है। परियोजना ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

वर्ष 1875 में निर्माण के बाद से मेजा किले में कोई रखरखाव का काम नहीं हुआ था। मूल काम के रूप में प्रामाणिक होने के लिए उत्सुक, प्रियंवदा ने प्लास्टर की बजाय सूखी चिनाई, पेंट की बजाय समला (चूना पेस्ट), पत्थर का फर्श आदि जैसी स्थानीय पारंपरिक निर्माण तकनीकों को पुनर्जीवित करने का काम किया। किले के जीर्णोद्धार से न केवल रोजगार का सृजन हुआ है, बल्कि पुरानी निर्माण तकनीकों का पुनरुद्धार भी हुआ है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मेजा परियोजना ने महिलाओं, विशेषकर गृहिणियों, को रोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाते हुए उनका मार्ग प्रशस्त किया। स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक योग शिविर जैसी कई सामुदायिक गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती हैं। जागरुकता पैदा करने के लिए नियमित रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाते हैं और ग्रामीणों की भागीदारी से भीलवाड़ा शहर में चिकित्सा आपात स्थिति के लिए रक्त की व्यवस्था करने में मदद मिली है।

आपने मेजा में 'ब्लाउज' नामक एक लघु फिल्म के लिए शूट का आयोजन किया और यह सुनिश्चित किया कि स्थानीय लोगों को इसमें अभिनय या कर्मी दल के सदस्यों के रूप में रोजगार मिले। इसने स्थानीय लोगों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ला खड़ा किया क्योंकि यह फिल्म न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार जीतने के लिए भेजी गई थी।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: singh_priyamvada@yahoo.com

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

Ms. Priyamvada Singh
Individual

Leading the "Meja Project" is 36-year-old Ms. Priyamvada Singh, a former Mumbai-based content strategist. After a decade long career in television industry she chose to return to her roots in Meja village, Bhilwara Rajasthan. She has restored 148 year old ancestral fort and developed it as a community run home stay. The project has created employment opportunities for the villagers, particularly women.

The Meja fort had not seen any maintenance work since it was constructed in 1875. Keen to be as authentic as the original work, Priyamvada worked to revive traditional construction techniques like dry masonry instead of plaster, samla (lime paste) instead of paint, local stone flooring, etc. The restoration of the fort has resulted in not only employment generation, but also led to the revival of old construction techniques.

Most importantly, Meja project also opened avenues to women by providing them with employment opportunities, especially housewives, making them financially independent. Several community activities are also organized such as Group Yoga Camps to promote health and fitness. Regular blood donation camps are also organized to create awareness and participation from villagers has helped arrange blood for medical emergencies in Bhilwara city.

She organized the shoot for a short film titled 'Blouse' in Meja and ensured that the local people get employment in it either in acting or as crew members. It had put the locals on international platform as the film went on to win the Best Short Film award at New York Indian Film Festival.

For more information contact: singh_priyamvada@yahoo.com

सुश्री पुष्पा एन.एम.

व्यक्तिगत

सुश्री पुष्पा एक सॉफ्टवेयर कंपनी के साथ काम करने वाली पेशेवर हैं और बेंगलुरु की एक प्रसिद्ध परीक्षा लेखक हैं। इस बेहतरीन समैरिटन ने कई निःशक्तजनों के लिए 10 वर्षों में 657 परीक्षाएं लिखी हैं। ऐसा करके, आप विशेष रूप से दिव्यांगजन के जीवन और करियर में सुधार करना चाहती हैं। आप ज्यादातर उन छात्रों के लिए लिप्यांतरण करती हैं जो नेत्रहीन हैं या मस्तिष्क पक्षाघात अथवा डाउन सिंड्रोम से पीड़ित हैं।

आपको ऐसा करने के लिए प्रेरित करने की एक दिल को छू लेने वाली कहानी है। आप जब छोटी थीं, तो आपको परीक्षा हॉल से बाहर निकाल दिया गया था क्योंकि आपका परिवार फीस का भुगतान नहीं कर सकता था। हालाँकि, कुछ अच्छे लोगों के कारण आप अपनी पढ़ाई फिर से शुरू कर सकीं। आपको लगता है कि अब समाज को वापस देने की आपकी बारी है।

सुश्री पुष्पा साहस और करुणा की मिसाल हैं, जो शिक्षा के बुनियादी महत्व को समझती हैं। अतीत में अपने जीवन के किसी समय इससे वंचित होने के कारण, आप यह सुनिश्चित कर रही हैं कि आप दूसरों की अपनी शिक्षा को सुचारू रूप से पूरा करने में सहायता करें। ऐसे लोग समाज के लिए वरदान हैं।

आप कर्नाटक सरकार द्वारा दृष्टिबाधित छात्रों की सहायता करने के लिए सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि सहित कई पुरस्कारों की विजेता हैं। परीक्षा लेखक होने के अलावा, आप जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त की व्यवस्था भी करती हैं। आपके पास एक राज्य–व्यापी नेटवर्क है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: pushpapreeya@gmail.com



Ms. Pushpa N. M

Individual

Ms. Pushpa, a professional working with the software company, is a well known exam scribe in Bengaluru. This Good Samaritan has written 657 exams in 10 years for many differently-abled persons. By doing so, she aims to improve the lives and careers of the specially-abled persons. Pushpa mostly transcribes for the students who are visually impaired, or suffering from cerebral palsy or Down syndrome.

What compelled her to do this is another heart-warming tale. When she was young, she was thrown out of the exam hall as her family couldn't afford to pay fees. However, she could resume her studies because of some Good Samaritans. Pushpa feels it is her turn to give back to society.

Pushpa exemplifies courage and compassion who understands the pivotal importance of education. Being at the brink of being deprived of it at some point of her life in the past, she is ensuring that she assists others in completing their education smoothly. Such people are a boon to society.

Pushpa is a recipient of many awards including the Best Achievement for supporting visually impaired students by the Government of Karnataka. Apart from being a scribe, Pushpa arranges blood for those in need. She has a state-wide network, spread just through word of mouth.

For more information contact: pushpapreeya@gmail.com

सुश्री रहिबाई सोमा पोपेरे

व्यक्तिगत

सुश्री रहिबाई पोपेरे कृषि जैव–विविधता, भूमि किस्मों के संरक्षण विषयों तथा धान की खेती में अनेक अभिनव तकनीकों में स्वनिर्मित विशेषज्ञ हैं। महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के कोम्भालने गांव की मूल निवासी रहिबाई धान, जलकुंभी, बाजरा, दालों और तिलहन सहित अलग–अलग 17 फसलों की 48 देसी भूमि किस्मों के संरक्षण और उनका क्षेत्र बढ़ाने के लिए प्रख्यात हैं।

इन्हें 'सीड मदर' के नाम से भी जाना जाता है। आप देसी बीजों के संरक्षण के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ पूरे महाराष्ट्र की यात्रा करती हैं। आपका मानना है कि विपदाग्रस्त किसानों के शोषण को रोकने के लिए स्थानीय बीजों का संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। चूंकि बीजों का वितरण करने वाली बड़ी–बड़ी कंपनियां संकर बीजों के इस्तेमाल को बढ़ावा देती हैं और उनका पेटेंट करा लेती हैं, इसलिए कृषक बीजों के लिए ज्यादातर इन कंपनियों पर निर्भर होते जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, मूल फसलों के विलुप्त हो जाने की संभावना है। इस परिदृश्य में रहिबाई आनुवंशिक विविधता और कृषकों तथा उपभोक्ताओं की भलाई सुनिश्चित करने के लिए मूल फसलों के संरक्षण की पुरजोर वकालत करती हैं। मूल फसलों की किस्में न केवल सूखा और रोग–प्रतिरोधी हैं, बल्कि पोषक भी हैं और मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखती हैं, क्योंकि इन्हें रासायनिक उर्वरकों और ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। आपका मानना है कि संकर बीजों के पोषक मूल्य की तुलना में परम्परागत बीजों का पोषक मूल्य कहीं अधिक है। आपने स्थानीय बीजों को इकट्ठा करने के लिए महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के अकोला तालुक की महिला कृषकों के साथ मिलकर कार्य किया है। आपने मूल बीजों के संरक्षण के लिए 'कलसुबाई' परिसर बियानी संवर्धन समिति' नामक स्व–सहायता समूह का गठन किया।

रहिबाई ने मूल फसलें उगाकर लाभ प्राप्त किए हैं और इसलिए चाहती हैं कि ज्यादा संख्या में कृषक इनकी खेती करें। इसके लिए एक बीज बैंक की स्थापना की गई है। जिसका प्रबंधन समुदाय के सदस्य ही करते हैं। किसानों को इस शर्त पर बीज दिए जाते हैं कि उन्हें जितने बीज दिए गए हैं, वे उससे दोगुना बीज वापस लौटाएंगे। इस प्रक्रिया को ग्राम और ब्लॉक स्तर पर चरणों में बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। बीज बैंक से 32 फसलों की 122 किस्मों का वितरण किया जाता है।

रहिबाई बीजों के संरक्षण के अतिरिक्त जैविक खेती, स्वदेशी बीजों के संरक्षण, कृषि जैव–विविधता तथा जंगली खाद्य संसाधनों के महत्व के बारे में जन–जागरूकता पैदा कर रही हैं। हालांकि रहिबाई के प्रयासों का जिला और राज्य स्तर पर स्पष्ट, प्रभाव दिखाई पड़ रहा है, यह देश के कृषि क्षेत्र में आनुवंशिक विविधता के लिए बहुत बड़ा योगदान है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: **amruta.patil@gmail.com**

Ms. Rahibai Soma Popere

Individual

Ms. Rahibai Popere is a self-made expert in the subjects of agro-biodiversity, landrace conservation, and several innovative techniques in the cultivation of paddy crops. Hailing from Kombhalne village of Ahmednagar district, Maharashtra, Rahibai has the distinction of conserving and multiplying 48 indigenous landraces of 17 different crops including paddy, hyacinth bean, millets, pulses, and oilseeds.

She is also known as the 'Seed Mother'. She travels across Maharashtra with a single-minded devotion to conserve indigenous seeds. She believes that conservation of native seeds is important to prevent the exploitation of already distressed farmers. Since large seed companies promote and patent hybrid seeds farmers are largely becoming dependent on these companies for seeds. As a result native crops are likely to become extinct. In such a context, Rahibai strongly advocates the conservation of native crops to ensure genetic diversity and the welfare of farmers and consumers. Native crop varieties are not only drought and disease resistant, but are nutritive and retain the soil fertility as they do not need chemical fertilisers and excessive water. She is of the view that nutritive value of traditional seeds is much higher than that of hybrid seeds. She collaborated with other women farmers from Akole taluk in Ahmednagar district of Maharashtra to collect local seeds. She formed a Self Help Group named Kalsubai Parisar Biyanee Samvardhan Samiti to conserve native seeds.

Having experienced the benefits of growing native crops, Rahibai wants more farmers to start farming the same. Towards this goal, a seed bank has been established. Community members manage the seed bank. Farmers are given seeds with the condition that they return twice the quantity of seeds they borrowed. This is proposed to be scaled in tiers at the village and block levels. The seed bank distributes 122 varieties of 32 crops.

Besides conserving seeds, she creates awareness about the importance of organic farming, conserving indigenous seeds, agro-biodiversity and wild food resources. While Rahibai's efforts are making a visible impact at the district and state level, it is an immense contribution towards genetic diversity in the country's agricultural sector.

For more information contact: **amruta.patil@gmail.com**

सुश्री रजनी रज़क
व्यक्तिगत

सुश्री रजनी रज़क, छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति का नाम और आवाज़ है। आप एक प्रतिष्ठित लोक गायिका हैं। आपको दुर्लभ मधुर आवाज मिली है। भोजली, कर्मा, देवर गीत, ददरिया आदि जैसे कुछ प्रतिष्ठित लोक गीतों के पीछे आप ही की आवाज़ रही है। आपने अपनी शुरूआत 1980 के दशक में आकाशवाणी रायपुर के लोक गायक के रूप में शुरू की। तबसे ही आप ढोला मारू कला के रूप को फैला रही हैं। आप ढोला मारू की रचनात्मक प्रस्तुति की पहली महिला कलाकार और निर्देशक हैं। आपने 20 से अधिक छत्तीसगढ़ी लोक कला रूपों में प्रस्तुतियां दी हैं और कला को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया है।

ढोला मारू कला के बारे में जागरूकता फैलाने में आप सबसे आगे रही हैं। आप छात्रों और युवा कलाकारों को प्रशिक्षण देकर इस अनूठी कला को जीवित रखने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। आप नेत्रहीनों और अशक्त बच्चों को संगीत का प्रशिक्षण भी दे रही हैं और गरीब बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में सहायता भी प्रदान कर रही हैं।

आपने राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार तथा ख्याति प्राप्त किये है। आपको प्राप्त हुए सबसे उल्लेखनीय पुरस्कारों में 1993 में 'राष्ट्रीय पुरस्कार', 2006 में 'कला रत्न', 2009 में 'शिल्प गुरु अवार्ड', कोलंबो में इंडियन कल्चरल यूनियन द्वारा आयोजित 'लोक गायन और नाटक' के लिए अवार्ड, अखिल भारतीय रजक समुदाय द्वारा 2016 में रजक विभूषण पुरस्कार और डा.एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति सम्मान शामिल हैं।

आपने एक विलुप्त होती हुई कला को जीवित रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपने इस शिल्प को सीखने के लिए अनेकों बालिकाओं को प्रेरित किया है और उसकी सहायता की है, जिसने आगे महिलाओं के लिए आजीविका के विकल्प खोले हैं। आपने पारंपरिक कला रूप के संरक्षण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है और अपनी विशेषज्ञता और प्रशिक्षण से इस कला को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: rasurajak91@gmail.com

Ms. Rajni Rajak
Individual

Ms. Rajani Rajak is the name and voice of folk art and culture of Chhattisgarh. She is the most iconic folk singer and has got the rare charming voice. She has been the voice behind some of the iconic folk songs such as Bhojli, Karma, Dewar Geet, Dadariya, etc. Her journey started in 1980s as a folk singer of Askashvani Raipur. Ever since she has been spreading the Dhola Maru art form. She is the first female performer and director of the creative presentation of DHOLA MARU. She has given performances on over 20 Chhattisgarhi Folk Art Forms and has made the art form popular across the world.

She has been at forefront in spreading awareness about the Dhola Maru art form. She has been working relentlessly to keep this unique art form alive by imparting training to students and young artists. She has also been providing training in music to visually challenged and differently abled children and also providing assistance in the field of education to the poor children.

She has received various awards and recognition at the State, National and International level. Her most notable awards include the 'National Award' in 1993, 'Kala Ratan' in 2006, 'Ship Guru Award' in 2009, Award for 'Folk Singing and Drama' by Indian Cultural Union at Colombo, Rajak Vibhushan Award in 2016 by All India Rajak Community and DR.APJ Abdul Kalam Smriti Samman.

She has immensely contributed to keep alive an almost dying form of art. She has inspired and helped number of girls to learn this craft which has further opened up livelihood options for women. She has devoted her entire life for upkeep of the traditional art form and kept the uniqueness alive by extending her expertise and training.

For more information contact: rasurajak91@gmail.com

सुश्री रेश्मा नीलोफर नाहा

व्यक्तिगत

सुश्री नीलोफर भारत की पहली और एकमात्र महिला समुद्री पायलट हैं। आप बीएससी (नॉटिकल साइंस) स्नातक हैं और आपको हुगली नदी, जो कि पोतवाहन के लिए विश्व में सर्वाधिक कठिन नदी है, में 7 वर्ष के प्रशिक्षण के पश्चात वर्ष 2011 में कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट द्वारा भर्ती किया गया। रेशमा ने सभी प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हुए अपनी शक्ति, अनुकूलनशीलता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया है।

रेशमा विश्व में ऐसी कुछेक महिला समुद्री पायलटों में से एक हैं, जो नदी में जहाज का संचालन करती हैं। अभी भी महिलाओं द्वारा जहाजों का संचालन करना बहुत विरल है, लेकिन रेशमा इससे भी आगे निकल चुकी हैं और समुदी पायलट के रूप में अर्हता प्राप्त कर चुकी हैं तथा समुद्री जहाज के कैप्टन के सलाहकार के रूप में कार्य करती हैं और पत्तनों से जहाजों के आवागमन का संचालन करती हैं।

समुद्री पायलट के काम में अपेक्षित ज्ञान, कौशल और अभ्यास के अलावा अत्यधिक सावधानी, धैर्य और एकाग्रता की जरूरत होती है। आपके दृढ़ निश्चय और व्यावसायिक उत्कृष्टता के कारण आपको अपने क्षेत्र में सफलता और मान्यता प्राप्त हुई है।

आपने सभी प्रकार की कठिनाइयों और बाधाओं का मुकाबला करते हुए कितने ही अद्भुत, कठिन और श्रमसाध्य कार्य में उपलब्धि हासिल की है। छोटी लड़कियां आपसे प्रेरणा प्राप्त कर सकती हैं कि वे कैसे आसमान को छू सकती हैं। समुद्री सफर का व्यावसाय, जिसे बहुत से पुरुष भी दुर्दम्य मानते हैं, अब लड़कियों के लिए उपयुक्त व्यवसाय बन गया है। आप लड़कियों की आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उन्हें उड़ने तथा अपने सपनों को साकार करने की हिम्मत देती रहेंगी।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: reshma.career@gmail.com

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

Ms. Reshma Nilofer Naha

Individual

Ms. Reshma is the first and only woman marine pilot in India. Reshma is a B.Sc (Nautical Science) Graduate and was recruited by the Kolkata Port Trust in 2011 with seven years of tough training in the river Hoogli, the toughest pilotage waters in the world. Reshma has risen above all odds and has demonstrated strength, resilience and determination.

Reshma also happens to be one of the very few women Marine Pilots in the world who navigates in River Pilotage. It is still rare to find women on board ships and Reshma has gone beyond that and qualified as a Marine Pilot who boards a ship as an advisor to the Captain of the ship and navigates through the passage in and out of ports.

The job of a Marine Pilot needs extreme caution, patience, and heightened presence of mind in addition to required knowledge, skill, and practice. Reshma's determination and professional excellence has got her success and recognition in her respective field.

She has managed to tide through all the odds and obstacles and achieve something so unique, so tough and so taxing. Young girls could take inspiration on how they could reach for the skies. The profession of seafaring, which even many men find overwhelming, has now become a niched and pursuable career for girls, and Reshma will inspire generations of girls and give them wings to dare and dream and to achieve it.

For more information contact: reshma.career@gmail.com

सुश्री रीया मजूमदार सिंघल
व्यक्तिगत

सुश्री रीया सिंघल एक उद्यमी हैं। आपने कम्पोस्टेबल फूड़ पैकेजिंग बिजनैस इकोवेयर सॉल्यूशंस की स्थापना की है। आपने भारत के प्लास्टिक खतरे का समाधान करने के एकमात्र उद्देश्य से इकोवेयर की स्थापना की। यह सिंथेटिक डिस्पोजल के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने, उपभोक्ताओं के बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण हेतु तथा स्थानीय स्तर पर उत्पादन करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था ताकि आपके उत्पाद सहजतापूर्वक सस्ते हों।

इकोवेयर प्लेट, कप, चम्मच, कटोरे और ट्रे जैसे कंपोस्टेबल टेबलवेयर उत्पादों का निर्माण करती है। इकोवेयर संयंत्र गेहूं, चावल और गन्ना जैसी फसलों के संसाधित होने पर उनके कृषि–अपशिष्ट को जैव–ईंधन का उपयोग करके अपने उत्पादों को बनाते हैं। इकोवेयर उत्पाद में कोई जोड़ नहीं है, उनमें कोई योजक नहीं है और ये शत–प्रतिशत खाद हैं।

सुश्री रिया को उपभोक्ता व्यवसाय स्थापित करने की चुनौतियों का सामना करने के साथ–साथ भारत में महिला व्यवसाय की मालिक होने के नाते इससे जुड़े कलंक और पूर्वाग्रह को दूर करना था। आप विदेशी थीं और उत्तर भारत की व्यवसायिक भाषा हिंदी बहुत कम बोलती थीं। प्लास्टिक के टेबलवेयर उत्पाद सर्वव्यापी थे, बाजार अभेद्य था और प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षा सीमित थी। इन बाधाओं के बावजूद आपने बड़े थोक बाजारों में जेनेरिक व्यापारियों को एक ऐसा उत्पाद बेचने के लिए राजी किया जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। आपकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक भारतीय रेलवे, जो भारत में सबसे बड़ी खाद्य सेवा ऑपरेटर है, को बायोडिग्रेडेबल पर स्विच करने के लिए राजी करना था। समय, अनुसंधान और शिक्षा के साथ–साथ, दुनिया के लोगों में प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में अधिक जागरूकता पैदा की गई है।

इकोवेयर ने वर्ष 2010 से अब तक एक लंबा सफर तय किया है और इसका श्रेय प्लास्टिक के बिना दुनिया बनाने के सुश्री रीया मजूमदार सिंघल के संकल्प को जाता है। आपके काम के प्रभाव निमित्त हाल ही में आपको वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के यंग ग्लोबल लीडर वर्ग, 2018 के लिए नामित किया गया है। आप कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों – फोर्ब्स, फॉर्च्यून, हिंदुस्तान टाइम्स, इकोनॉमिक टाइम्स, इंडिया टुडे और गल्फ न्यूज में भी छपी हैं। आप व्यापार, उपभोक्ता और सरकारी मंचों पर एक नियमित वक्ता हैं।

सुश्री रिया का विज़न लोगों को और अधिक जिम्मेदारी से जीने के लिए ज्ञान के साथ सशक्त करके एक स्वस्थ, टिकाऊ भविष्य का निर्माण करना है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: **rheasinghal@ecoware.in**

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

Ms. Rhea Mazumdar Singhal
Individual

Ms. Rhea Singhal is an entrepreneur who founded the compostable food packaging business Ecoware Solutions. Rhea founded Ecoware with the sole aim of fixing India's plastic menace. It was started with the aim to better the health and well-being of consumers, reduce and remove pollution caused by synthetic disposables, and to produce locally so that their products are easily affordable.

Ecoware manufactures a range of compostable tableware products like plates, cups, spoons, bowls and trays. Ecoware makes their products using plant biomass, the agri-waste that is left over once crops such as wheat, rice and sugarcane are processed. Ecoware products have no binders, no additives and are 100 percent compostable.

Other than the challenges of setting up a consumer business, Rhea had to overcome the stigma and bias associated with being a female business owner in India. Rhea was a foreigner and spoke very little Hindi, the business language of north India. Plastic tableware products were omnipresent, the market was impenetrable and education regarding the harmful effects of plastic was limited. Despite these hurdles she convinced generational traders in large wholesale markets to sell a product they had never seen before. One of her greatest successes has been to persuade the Indian Railways, the largest food service operator in India, to switch to biodegradables. With time, research and education, more awareness has been created about the harmful effects of plastic among people across the globe.

Ecoware has come a long way since 2010 and the credit goes to Rhea's resolve to create a world without plastic. Rhea Mazumdar Singhal has been recently nominated to the World Economic Forum's Young Global Leader class of 2018 for the impact her work has created. She has also been featured in many national and international publications - Forbes, Fortune, Hindustan Times, Economic Times, India Today, and Gulf News. She is a regular speaker at trade, consumer and government forums.

Rhea's vision is to build a healthy, sustainable future by empowering people with knowledge to live more responsibly.

For more information contact: **rheasinghal@ecoware.in**

सुश्री रूमा देवी
व्यक्तिगत

सुश्री रूमा देवी राजस्थान के एक छोटे से ग्रामीण शहर की रहने वाली हैं। 17 वर्ष की उम्र में जब आपकी शादी हुई, तो उस समय आप केवल सिलाई और कढ़ाई ही कर सकती थीं। कुछ साल बाद, आपने पड़ोस की महिलाओं को एक स्व–सहायता समूह बनाने के लिए इकट्ठा किया, जो दस्तकारी की वस्तुएं बनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सके। शीघ्र ही, आपको एहसास हुआ कि बिचौलियों के माध्यम की बजाए सीधे खरीदने और बेचने से बेहतर मुनाफा होगा। समूह ने बैंक ऋण प्राप्त किया और स्वयं ही कच्चा माल खरीदना शुरू कर दिया। आप और आपके सहयोगी इस क्षेत्र के ग्रामीण विकास चेतना संस्थान (GVCS) नामक एक एनजीओ में शामिल हो गए और आपने जल्दी ही इसके अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। आपके अधीन जीवीसीएस ने 75 गाँवों तक अपने संचालन का विस्तार किया और अब तक 11,000 कारीगरों को प्रशिक्षित किया है।

आपने पारंपरिक नमुनों का उपयोग करके अपनी टीम के सदस्यों को टॉप, स्कर्ट, दुपट्टा और सलवार सूट बनाने में विविधता लाने के लिए प्रेरित किया। आपके काम ने उन शीर्ष डिजाइनरों का ध्यान आकर्षित किया जिन्होंने आपके द्वारा बनाए गए कपड़े खरीदना शुरू किया। सुश्री रूमा देवी 30 साल की उम्र में सशक्त महिलाओं की सफलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। आज आप 11000 कारीगरों (75 गांवों में) पुरूष तथा महिला दोनों का नेतृत्व कर रही हैं, उन्हें प्रशिक्षित कर रही हैं और उन्हें अपने आप में उद्यमी बना रही हैं। सुश्री रूमा देवी को महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनके योगदान को स्वीकार करते हुए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: gvcsbarmer@gmail.com, ruma.gvcs@gmail.com

Ms. Ruma Devi
Individual

Ms. Ruma Devi comes from a small rural town in Rajasthan. When she got married at 17, Ruma Devi could do only little stitching and embroidery. A few years later, she gathered women from the neighbourhood to form a self-help group that would make handcrafted items and supplement incomes. Soon, they realised that buying and selling directly than through intermediaries would bring better profits. The group secured bank loans and began procuring raw material itself. Ruma Devi and her colleagues joined the Gramin Vikas Chetna Sansthan (GVCS), an NGO in the region, and she soon took over as its president. Under her, GVCS has expanded operations to 75 villages and trained 11,000 artisans so far.

Ruma Devi inspired her team members to diversify into making tops, skirts, dupattas and salwar suits using traditional motifs. Their work caught the attention of top designers who have started purchasing the clothes they make. At 30 years of age, Ruma Devi is an outstanding example of the success of empowered women. Today she is leading a group of 11000 artisans (in 75 villages), both men and women, training them and making them entrepreneurs in their own right. Ruma Devi has been honoured with several prestigious awards acknowledging her contribution towards to women empowerment.

For more information contact: gvcsbarmer@gmail.com, ruma.gvcs@gmail.com

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

सुश्री सीमा कौशिक मेहता

व्यक्तिगत

सुश्री सीमा कौशिक मेहता ललित कलाकार हैं। आपने 2002 में अकादमी ऑफ आर्ट यूनिवर्सिटी, सैनफ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया से स्नातक किया है। आपने 2000 में शुरूआत करते हुए कई वर्षों तक प्रसिद्ध कथक आचार्य पंडित चित्रेश दास के साथ भी अध्ययन किया। इस समय आप छदम नृत्य भारती (सीएनबी) नामक एक नृत्यि संस्था चला रही हैं जो भारत में कथक सिखाने वाली अच्छी संस्थाओं में से एक है।

सुश्री सीमा मुंबई में तकरीबन 100 छात्राओं को पढ़ाती हैं । अगली पीढ़ी को शिक्षा देने तथा अपने गुरु से सीखे गए ज्ञान को लोगों में बांटने में आपकी गहरी रूचि है। आप कला के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाने में विश्वास रखती हैं। कथक नृत्य सिखाना आपका जुनून है और आपने न्यू लाइट परियोजना के तहत कोलकाता के रेडलाइट एरिया के यौन कर्मियों के बच्चों के साथ काम किया है, तथा श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर एवं स्माइल से जुड़े बच्चों को सक्रियता से पढ़ाती हैं । सीएनबी बच्चों को कला शिक्षा प्रदान करने तथा पढ़ाने एवं परफार्म करने का व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है।

आपका उद्देश्य अपने गुरु द्वारा निर्धारित कला के मानकों का पालन करने तथा कलात्मक एकता बनाए रखते हुए अगली पीढ़ी के कलाकारों को प्रेरित एवं सशक्त बनाना है जो नृत्य को अपनी जीविका बना सकते हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत का बुनियादी शिक्षा में शामिल करना सीमा का अंतिम लक्ष्य है क्योंकि आपका मानना है कि कला का अध्ययन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना भाषा, गणित एवं विज्ञान के अध्ययन करना है। इस समय आप स्कूलों एवं कॉलेजों में व्यख्यान, प्रदर्शन एवं कार्यशालाओं के माध्यम से इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में प्रयासरत हैं।

कीर्तिलाल के क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में, सुश्री सीमा वंचित समुदाय की अनेक महिलाओं के साथ मिलकर से काम करती हैं तथा उनको महत्वपूर्ण भूमिका देने हेतु कंपनी को प्रोत्साहित करके उन्हें सशक्त बनाती हैं। आभूषण के निर्माण के क्षेत्र में शायद ही महिलाएं मिलती हैं परंतु कीर्तिलाल ने अधिक अनुपात में महिलाओं को काम पर रखा है। आपने पूरे भारत में प्रतिष्ठित त्यौहारों एवं अवसरों पर अपनी कला का खूब प्रदर्शन किया है तथा दरबार, जिसका 2012 में सैनफ्रांसिस्को आर्ट म्यूजियम में मंचन किया गया, में चित्रेश दास कंपनी के साथ नृत्य किया है।

कला के क्षेत्र में आपकी लगन एवं योगदान से इस देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं और समृद्ध हुई हैं। आप आज भी अपने कार्य के माध्यम से लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: **seema@kathak.org**

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

Ms. Seema Kaushik Mehta

Individual

Ms. Seema Kaushik Mehta is a fine artist, graduated from the Academy of Art University, San Francisco, California in 2002. She also studied with legendary Kathak Maestro Pandit Chitresh Das for several years beginning in 2000. She is currently running a dance institution, Chhandam Nritya Bharati (CNB) which is one of the finest Kathak institutions in India.

Ms. Seema teaches close to hundred students in Mumbai. Her passion lies in teaching the next generation and passing on the knowledge she got from her guru. She believes in bringing social change through the arts. Teaching the Kathak dance form is closest to her heart and she has worked with the children of sex workers of red light area of Kolkata under the New Light Project, and actively teaches children associated with Sri Sri Ravi Shankar Vidya Mandir and SMILE. CNB gives children access to arts education and professional opportunities to teach and perform.

Her aim is to inspire and empower the next generation of artist who can make dance their livelihood while maintaining artistic integrity and attempting to meet the artistic standard set by her Guru. Bringing Classical Indian Dance and Music into the realm of basic education is Seema's ultimate goal as she believes studying and creating Art is as important as studying Language, Math and Science. Currently she is making strides towards this goal through a series of lecture demonstrations and workshops in schools and colleges.

As Creative Director of Kirtilals, Ms. Seema closely works with many women from less advantaged communities and empowers them by encouraging the company to give them important roles. It is rare to find women in the field of jewellery making, but Kirtilals employs a high ratio of women. She has performed extensively across prestigious festivals and venues across India and has danced with the Chitersh Das Dance Company in Darbar, a production staged at the San Francisco's Asian Art Museum in 2012.

Seema's undying spirit and contribution in the field of art has only added value to the rich cultural traditions of this country. She continues to inspire millions through her work.

For more information contact: **seema@kathak.org**

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

डॉ० सीमा राव

व्यक्तिगत

डॉ० सीमा राव, जो क्लोज–क्वार्टर कॉम्बैट की विशेषज्ञ हैं, भारत की एकमात्र महिला कमांडो ट्रेनर हैं। आपने कई सीमाओं और रूढ़ियों को तोड़ा है और सभी वर्णों की महिलाओं के लिए आप एक सच्ची प्रेरणा बनकर उभरी है।

डॉ० राव, भारत में 20 वर्षों से विभिन्न सशस्त्र बलों के लगभग 15,000 सैनिकों को प्रशिक्षण दे रही हैं और उसके बदले कोई आर्थिक लाभ नहीं ले रही हैं। आप एक कम्बैट शूटिंग प्रशिक्षक, फॉयर फाइटर, स्कूवा गोताखोर, रॉक क्लाइम्बिंग में एचएमआई पदक विजेता और मिसेज इंडिया वर्ल्ड पेजेंट फाइनलिस्ट भी हैं। आपने अपनी युवा अवस्था को बहुत ऊंचाई पर, झुलते हुए जंगलों में, खून जमा देने वाले बर्फीले स्थान, नियंत्रण रेखा तथा कश्मीर घाटी में अन्य दुर्गम स्थानों पर सैनिकों के साथ बिताई है। आपने अपने पति के साथ रिफ्लेक्स शूटिंग का एक स्वदेशी तरीका ईजाद किया, जिसे राव सिस्टम ऑफ रिफ्लेक्स फायर के नाम से जाना जाता है जिससे भारतीय सेना को फायदा हुआ है। रिफ्लेक्स शूटिंग विधि अद्वितीय है और निहत्थे तरीके से कम से कम प्रयास के साथ दुश्मन को जल्दी से बाधा में डाला जा सकता है अथवा अपंग बनाया जा सकता है।

आपने पुलिस, सशस्त्र पुलिस, राज्य पुलिस, अर्ध–सैनिक, सशस्त्र बलों, विशेष बलों के साथ–साथ सम्मानित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के ब्लैक कैट्स कमांडो के लिए अनआर्म्ड और आर्म्ड कम्बैट तथा शूटिंग के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। आपने महिलाओं के लिए विशेष रूप से उत्पीड़न, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और बलात्कार से निपटने हेतु उनकी मदद के लिए डेयर (रेप और ईव टीजिंग से बचाव) नामक एक कार्यक्रम भी तैयार किया है, यह कार्यक्रम महिलाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सुसज्जित करता है, ताकि संभावित छेड़छाड, हमलो और अन्य यौन हमलों की प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया जा सके।

आपको कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। लेकिन उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार, भारतीय सशस्त्र बलों को प्रशिक्षित करने से मिलने वाली गहरी संतुष्टि है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: uccamumbai@gmail.com

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

Dr. Seema Rao

Individual

Dr. Seema Rao, an expert on close-quarter combat, is the only woman commando trainer in India. She has broken past several boundaries and stereotypes and has emerged as a true inspiration to women across all spectrums.

Dr. Rao, has been giving commando training to about 15,000 soldiers of various armed forces in India for 20 years now, without taking any monetary compensation in return. She is also a combat shooting instructor, a firefighter, a scuba diver, an HMI medalist in rock climbing, and a Mrs. India World pageant finalist. She spent her youth with soldiers in high altitudes, scorching desert jungles; freezing snow; LOC and the Kashmir valley. She along with her husband invented an indigenous method of reflex shooting, which is known as the Rao System of Reflex Fire which has benefitted the Indian Army. The reflex shooting method is unique and the unarmed methods can quickly handicap or cripple the enemy with the least effort.

She has conducted various training programmes in unarmed and armed combat and shooting for the police, armed police, state police, para-military, armed forces, Special Forces as well as the esteemed National Security Guard's Black Cats Commandos. She has also designed a program specially tailored for women to help them deal with harassment, molestation, sexual assault, and rape called DARE (Defence Against Rape and Eve Teasing), the program equips women, both mentally and physically, to face adverse situations posed by potential eve teasers, molesters, and other sexual assaults.

She has been bestowed with several National and International Awards. But the greatest award, according to her, is the deep satisfaction she gets from training the Indian armed forces.

For more information contact: uccamumbai@gmail.com

सिस्टर शिवानी

व्यक्तिगत

शिवानी वर्मा, जिन्हें ब्रह्म कुमारी शिवानी या सिस्टर शिवानी के नाम से जाना जाता है, 1995 से ब्रह्मा कुमारि विश्व आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में एक शिक्षिका हैं। आप एक प्रेरक वक्ता हैं और आपने मानव व्यवहार से संबंधित विषयों पर प्रेरक पाठ्यक्रम, पब्लिक सेमिनार और टेलीविजन कार्यक्रम संचालित किए हैं। आपने अपने प्रेरणादायक जीवन–परिवर्तन वार्ता के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बदल दिया है। आपके कार्यक्रमों ने लोगों को भावनात्मक तनाव, अवसाद, व्यसनों, कम आत्म–सम्मान और दुःखदायक संबंधों का समाधान करने में मदद की है।

शिवानी वर्मा का जन्म 1972 में पुणे में हुआ। आप 1994 तक विश्वविद्यालय की छात्रा थीं और फिर आपने पुणे में 3 साल तक भारतीय विद्यापीठ कॉलेज में व्याख्याता के रूप में कार्य किया। इस अवधि के दौरान, आपकी माँ ब्रह्म कुमारियों की नियमित अनुयायी थीं। अपनी माँ में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने के बाद, आप 1995 में ब्रह्म कुमारियों में शामिल हो गईं।

2007 के बाद से, आप भारत में और भारतीय डायस्पोरा के बीच टेलीविजन श्रृंखला 'ब्रह्म कुमारियों के साथ प्रबोधन' में आपकी प्रमुख भूमिका के कारण आप व्यापकता से जानी जाने लगी। आप वर्ल्ड साइकियाट्रिक एसोसिएशन की सद्भावना अम्बैसडर हैं। सिस्टर शिवानी द्वारा साझा किए गए इस ज्ञान से हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। आपने अनेकों व्यक्तियों को सही रास्ता दिखलाया और उनके जीवन तथा रिश्तों में शांति स्थापित की। आप सम्मेलनों और विशेष आयोजनों में रिश्ते प्रबंधन, कर्म विधि और सुखी जीवन के लिए आध्यात्मिक ज्ञान के बारे में व्याख्यान देती हैं। आप कॉलेजों, अस्पतालों और कंपनियों द्वारा आयोजित सेमिनारों में एक नियमित आगंतुक है।

2014 में, आपको "आध्यात्मिक चेतना में सशक्तता के लिए उत्कृष्टता" हेतु एसोचैम लेडीज़ लीग द्वारा वूमैन ऑफ़ द डिकेड अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। आपके सकारात्मक और ज्ञानवर्धक विचारों ने कई लोगों के जीवन को एक खुशहाल, सार्थक और पूरा जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करके साकार किया है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: **shivklight@gmail.com**

Sister Shivani

Individual

Shivani Verma, better known as Brahma Kumari Shivani or Sister Shivani, is a teacher at the Brahma Kumaris World Spiritual University since 1995. She is a motivational speaker and has conducted motivational courses, public seminars and television programmes on a range of topics concerning human behaviour. She has transformed millions of lives through her inspiring life-changing talks. Her programmes have helped people overcome emotional stress, depression, addictions, low self-esteem and unhappy relationships.

Shivani Verma was born in Pune in 1972. Shivani Verma was a university student till 1994 and then she served as a lecturer at Bhartiya Vidhyapeeth college for 3 years in Pune. During this period, her mother was a regular follower of Brahma Kumaris. After witnessing the remarkable change in her mother, she joined Brahma Kumaris in 1995.

Since 2007, she has become increasingly well known in India and among the Indian Diaspora for her leading role in the television series 'Awakening with Brahma Kumaris'. She is a goodwill ambassador of the World Psychiatric Association. Thousands of people are benefited with this wisdom shared by Sister Shivani in a simple way. This further brought many towards the right path and brought peace in lives and in relationships. She appears in conferences and special events to speak about relationship management, law of karma and spiritual wisdom for happy life. She is a regular visitor in seminars arranged by colleges, hospitals and companies.

In 2014, she was awarded a Woman of the Decade Achievers Award by the ASSOCHAM Ladies League "for Excellence in Empowering Spiritual Consciousness". Her positive and enlightening thoughts have shaped the lives of many by encouraging them to lead a happy, meaningful and fulfilling life.

For more information contact: **shivklight@gmail.com**

nari shakti puraskar
Compassion, Ability, Courage
नारी शक्ति पुरस्कार
करुणा, क्षमता, साहस

सुश्री स्मृति मोरारका

व्यक्तिगत

सुश्री स्मृति मोरारका ने बनारस में बुनाई की परंपरा को पुनर्जीवित करने के प्रयास में 1993 में 'तंतुवी' की नींव रखी, जिसका संस्कृत में अर्थ है 'बुनकर'। उन्होंने अधुनिक पहनावे वाले लोगों को ध्यान में रखकर इस वर्ग में प्रवेश कर चुकी कमियों को बदलकर सुविचारित सुधार प्रक्रिया शुरू की। आप श्रमसाध्य बुनाई की सदियों पुरानी तकनीकों को फिर से जीवित करना चाहती है जो अधिक दुष्कर हो सकती है, परंतु निर्मित उत्पाद की गुणवत्ता ही अनूठी थी।

आपने ''साड़ी'' पर अपना पूरा ध्यान दिया क्योंकि आपका मानना था कि साड़ी को फिर से महिलाओं के वस्त्रागार में आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए आंदोलन शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है। आपने असली जरी जो प्राथमिक घटक है, का प्रयोग किया क्योंकि असली जरी बनाने की सदियों पुरानी प्रक्रिया विलुप्त होने की कगार पर थी।

